दैनिक भास्कर
बुरहानपुर 26-11-2025

### औद्योगिक संरक्षा और अग्निशमन विभाग के तहत नेपा लिमिटेड में हुई मॉक ड्रिल

# कर्मचारियों को दिया गया आग से बचाव का प्रशिक्षण

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में मंगलवार को मॉक ड्रिल कराई गई। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा के नेतृत्व और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन के मार्गदर्शन में औद्योगिक सुरक्षा दिवस की स्मृति में मनाए जा रहे सुरक्षा सप्ताह के तहत कच्चा माल भंडारण गोदाम के पास यह मॉक ड्रिल कराई गई। इसमें कर्मचारियों को आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल औद्योगिक संरक्षा और अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में की गई।

मॉक ड्रिल का उद्देश्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, जोखिमों की पहचान, उपकरणों के सही उपयोग और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया से अवगत कराना था। वरिष्ठ परामर्शदाता औद्योगिक संरक्षा किशन पटेल ने कहा उद्योगों में सुरक्षा और तत्परता ही सबसे बड़ी पूंजी है। नियमित मॉक ड्रिल कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ाती है और संगठन को हर आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार करती है। अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश नकुल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा आपात परिस्थिति में शांत मन से योजनाबद्ध तरीके से उठाया गया प्रत्येक कदम जीवन और संपत्ति दोनों की रक्षा करता है। उन्होंने कर्मचारियों को आग लगने से पहले जोखिमों की पहचान और रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।


कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीके बताए गए।

## 3 दिसंबर को होगा समापन समारोह

औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन 3 दिसंबर को किया जाएगा। समापन अवसर पर सुरक्षा नारा प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन समारोह में विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। संचालन औद्योगिक संरक्षा विभाग के अनीस मंसूरी ने किया। आभार प्रबंधक यांत्रिकी महेंद्र केशरी ने माना। साथ ही उन्होंने अपने औद्योगिक अनुभव साझा करते हुए कहा सुरक्षा अनुशासन ही किसी भी कारखाने की वास्तविक मजबूती है। समयबद्ध प्रशिक्षण और सतर्कता से दुर्घटनाओं को लगभग समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सुरक्षा सप्ताह जैसे आयोजनों को उद्योग की दीर्घकालिक सुरक्षा संस्कृति के लिए आवश्यक बताया। इस दौरान वरिष्ठ परामर्शदाता सुमंत कानफाड़े, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे, लक्ष्मणदास जेठवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और अग्निशमन दल उपस्थित था।

## डेमो भी दिखाया

इस दौरान कर्मचारियों को लाइव डेमो भी दिखाया गया। इसमें सहायक निरीक्षक अग्निशमन विवेक वर्मा ने कहा सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि रोजमर्रा के कार्य व्यवहार का अनिवार्य हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आग की प्रकृति पहचानना और सही एक्सटिंग्विशर का चयन शुरुआती क्षति को रोकने में निर्णायक होता है। उनके साथ फायर टीम ने सिलेंडर, फोम एक्सटिंग्विशर, फायर बकेट और हाइड्रेंट लाइन के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण आरडी जाधव ने कहा सतर्क और जागरूक कर्मचारी दुर्घटनाओं को कम करते हैं और उत्पादन की निरंतरता बनाए रखते हैं। प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख ने कहा सुरक्षा सप्ताह कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों के लिए व्यावहारिक रूप से तैयार करता है।

पत्रिका

**औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह :** औद्योगिक संरक्षा और अग्निशमन ने किया प्रदर्शन

# कच्चे माल भंडारण गोदाम में मॉक ड्रिल



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा के नेतृत्व में मनाए जा रहे सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को कच्चा माल भंडारण गोदाम के समीप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह आयोजन औद्योगिक संरक्षा और अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

वरिष्ठ परामर्शदाता औद्योगिक संरक्षा किशन पटेल ने कहा कि उद्योगों में सुरक्षा तत्परता ही सबसे बड़ी पूंजी है। नियमित मॉक ड्रिल कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और संगठन को हर आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार करती हैं। अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश नकुल ने कहा कि आपात परिस्थिति में शांत मन से योजनाबद्ध तरीके से उठाया गया प्रत्येक कदम जीवन और संपत्ति दोनों की रक्षा करता है।

उन्होंने कर्मचारियों को आग लगने से पहले जोखिमों की पहचान और रोकथाम के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। सहायक निरीक्षक अग्निशमन विवेक वर्मा ने लाइव डेमो के दौरान कहा कि सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि रोजमर्रा के कार्य व्यवहार का अनिवार्य हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आग की प्रकृति पहचानना और शुरुआती क्षति को रोकने में निर्णायक होता है। उनके साथ फायर टीम ने सिलेंडर, अग्निशमन यंत्र और हाइड्रेंट लाइन संचालन का प्रशिक्षण दिया।

प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण आरडी जाधव ने कहा कि सतर्क और जागरूक कर्मचारी दुर्घटनाओं को कम करते हैं और उत्पादन की निरंतरता बनाए रखते हैं। प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख ने कहा कि सुरक्षा सप्ताह कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों के लिए व्यावहारिक रूप से तैयार करता है और सुरक्षा विभाग तथा अग्निशमन दल का समन्वय नेपा की सुरक्षा प्रणाली को और सशक्त बनाता है।

## 3 दिसंबर को समापन

औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन 3 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। समापन पर सुरक्षा नारा प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। जनसम्पर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन समारोह में विजेताओं को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। संचालन औद्योगिक संरक्षा विभाग के अनीस मंसूरी ने किया। आभार प्रबंधक यांत्रिकी महेंद्र केशरी ने व्यक्त किया। वरिष्ठ परामर्शदाता सुमंत कानफाड़े, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे, लक्ष्मणदास जेठवानी सहित अग्निशमन दल उपस्थित रहे।

# औद्योगिक संरक्षा व अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नेपा लिमिटेड में मॉक ड्रिल, कर्मियों को आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण



**बुरहानपुर** :- केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के नेतृत्व और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन के मार्गदर्शन में औद्योगिक सुरक्षा दिवस की स्मृति में मनाए जा रहे सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को कच्चा माल भंडारण गोदाम के समीप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह आयोजन औद्योगिक संरक्षा और अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

मॉक ड्रिल का उद्देश्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, जोखिमों की पहचान, उपकरणों के सही उपयोग और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया से अवगत कराना था।

वरिष्ठ परामर्शदाता औद्योगिक संरक्षा किशन पटेल ने कहा कि उद्योगों में सुरक्षा तत्परता ही सबसे बड़ी पूंजी है। नियमित मॉक ड्रिल कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और संगठन को हर आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार करती हैं।

अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश नकुल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आपात परिस्थिति में शांत मन से योजनाबद्ध तरीके से उठाया गया प्रत्येक कदम जीवन और संपत्ति दोनों की रक्षा करता है। उन्होंने कर्मचारियों को आग लगने से पहले जोखिमों की पहचान और रोकथाम के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी।

सहायक निरीक्षक अग्निशमन विवेक वर्मा ने लाइव डेमो के दौरान कहा कि सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि रोजमर्रा के कार्य व्यवहार का अनिवार्य हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आग की प्रकृति पहचानना और सही एक्सटिंग्विशर का चयन शुरुआती क्षति को रोकने में निर्णायक होता है। उनके साथ फायर टीम ने $CO_2$ सिलेंडर, फोम एक्सटिंग्विशर, फायर बकेट और हाइड्रेंट लाइन के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण आर डी जाधव ने कहा कि सतर्क और जागरूक कर्मचारी दुर्घटनाओं को कम करते हैं और उत्पादन की निरंतरता बनाए रखते हैं।

प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख ने कहा कि सुरक्षा सप्ताह कर्मचारियों को वास्तविक परिस्थितियों हेतु व्यावहारिक रूप से तैयार करता है और सुरक्षा विभाग तथा अग्निशमन दल का समन्वय नेपा की सुरक्षा प्रणाली को और सशक्त बनाता है।

3 दिसंबर को समापन समारोह

औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन 3 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। समापन अवसर पर सुरक्षा नारा प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। जनसम्पर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता बढ़ाने हेतु कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन समारोह में विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन औद्योगिक संरक्षा विभाग के अनीस मंसूरी ने किया। आभार प्रबंधक यांत्रिकी महेंद्र केशरी ने व्यक्त किया साथ ही उन्होंने अपने औद्योगिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि सुरक्षा अनुशासन ही किसी भी कारखाने की वास्तविक मजबूती है। समयबद्ध प्रशिक्षण और सतर्कता से दुर्घटनाओं को लगभग समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सुरक्षा सप्ताह जैसे आयोजनों को उद्योग की दीर्घकालिक सुरक्षा संस्कृति के लिए आवश्यक बताया।

इस दौरान वरिष्ठ परामर्शदाता सुमंत कानफाड़े, उप प्रबंधक पावर हाउस सी एन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे, लक्ष्मणदास जेठवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और अग्निशमन दल उपस्थित रहे।

स्वदेश
खंडवा - मुख्य संस्करण
Date 26 Nov 2025



## नेपा लिमिटेड में मॉक ड्रिल

# कर्मियों को आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण

**स्वदेश समाचार ■ बुरहानपुर**

नेपा लिमिटेड में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को कच्चा माल गोदाम के पास मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा (वीएसएम) के नेतृत्व और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन के मार्गदर्शन में

औद्योगिक संरक्षा व अग्निशमन विभाग की टीम ने कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, जोखिम की पहचान और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। अभ्यास के दौरान सीओ? सिलेंडर, फोम एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट लाइन सहित फायर सेफ्टी उपकरणों का संचालन समझाया गया।

विशेषज्ञों ने सुरक्षा को रोजमर्रा की कार्य संस्कृ ति का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए सतर्क ता और त्वरित एक्शन को सबसे प्रभावी उपाय बताया। औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन 3 दिसंबर को किया जाएगा, जिसमें प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ परामर्शदाता सुमंत कानफाड़े, उप प्रबंधक पावर हाउस सीएन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे, लक्ष्मणदास जेठवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और अग्निशमन दल उपस्थित रहे।

# औद्योगिक संरक्षा व अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नेपा लिमिटेड में मॉक ड्रिल कर्मियों को आग से बचाव का प्रशिक्षण



**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले**

**बुरहानपुर/नेपानगर।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के नेतृत्व और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन के मार्गदर्शन में औद्योगिक सुरक्षा दिवस की स्मृति में मनाए जा रहे सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को कच्चा माल भंडारण गोदाम के समीप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह आयोजन औद्योगिक संरक्षा और अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया,जोखिमों की पहचान,उपकरणों के सही उपयोग और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया से अवगत कराना था। वरिष्ठ परामर्शदाता औद्योगिक संरक्षा किशन पटेल ने कहा कि उद्योगों में सुरक्षा तत्परता ही सबसे बड़ी पूंजी है। नियमित मॉक ड्रिल कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और संगठन को हर आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार करती हैं। अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश नकुल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आपात परिस्थिति में शांत मन से योजनाबद्ध तरीके से उठाया गया प्रत्येक कदम जीवन और संपत्ति दोनों की रक्षा करता है। उन्होंने कर्मचारियों को आग लगने से पहले जोखिमों की पहचान और रोकथाम के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। सहायक निरीक्षक अग्निशमन विवेक वर्मा ने लाइव डेमो के दौरान कहा कि सुरक्षा केवल नियम नहीं,बल्कि रोजमर्रा के कार्य व्यवहार का अनिवार्य हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आग की प्रकृति पहचानना और सही एक्सटिंग्विशर का चयन शुरुआती क्षति को रोकने में निर्णायक होता है। उनके साथ फायर टीम ने ष्ट्ह्र२सिलेंडर,फोम एक्सटिंग्विशर,फायर बकेट और हाइड्रेंट लाइन के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण आर डी जाधव ने कहा कि सतर्क और जागरूक कर्मचारी दुर्घटनाओं को कम करते हैं।



# नेपा लिमिटेड में मॉक ड्रिल : कर्मियों को दिया गया आग से बचाव का प्रशिक्षण

नेपानगर। नेपा लिमिटेड मेंमंगलवार को औद्योगिक संरक्षा एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षा सप्ताह के तहत कच्चा माल भंडारण गोदाम के समीप मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मियों को आग की आपात स्थिति में बचाव, नियंत्रण और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। नेपा मिल्स प्रबंधक सह निदेशक कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के नेतृत्व और कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन के मार्गदर्शन में यह आयोजन औद्योगिक संरक्षा और अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रशिक्षण में विभाग के अधिकारियों ने आग लगने की स्थिति में प्राथमिक प्रतिक्रिया, फायर एक्सटिंग्विशर के प्रकार एवं उपयोग, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा दूरी, आपातकालीन निकास मार्ग और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण बातों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मॉक ड्रिल का उद्देश्य कर्मियों को वास्तविक परिस्थितियों के लिए तैयार करना, जोखिम कम करना और दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। सहायक निरीक्षक अग्निशमन विवेक वर्मा ने लाइव डेमो के दौरान कहा कि सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि रोजमर्रा के कार्य व्यवहार का अनिवार्य हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आग की प्रकृति पहचानना और सही एक्सटिंग्विशर का चयन शुरुआती क्षति को रोकने में निर्णायक होता है। उनके साथ फायर टीम ने ष्ट्ह्र2 सिलेंडर, फोम



एक्सटिंग्विशर, फायर बकेट और हाइड्रेंट लाइन के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

**औद्योगिक संस्थानों में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता-** वरिष्ठ परामर्शदाता औद्योगिक संरक्षा किशन पटेल ने कहा कि नेपा लिमिटेड प्रबंधन ने नियमित रूप से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि औद्योगिक संस्थानों में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अग्निशमन विभाग के प्रभारी उदेश नकुल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आपात परिस्थिति में शांत मन से योजनाबद्ध तरीके से उठाया गया प्रत्येक कदम जीवन और संपत्ति दोनों की रक्षा करता है। उन्होंने कर्मचारियों को आग लगने से पहले जोखिमों की पहचान और रोकथाम के उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी। औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का समापन 3 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। जनसम्पर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि समापन अवसर पर सुरक्षा नारा प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता बढ़ाने हेतु कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन समारोह में विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन औद्योगिक संरक्षा विभाग के अनीस मंसूरी ने किया। आभार प्रबंधक यांत्रिकी महेंद्र केशरी ने व्यक्त किया साथ ही उन्होंने अपने औद्योगिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि सुरक्षा अनुशासन ही किसी भी कारखाने की वास्तविक मजबूती है। समयबद्ध प्रशिक्षण और सतर्कता से दुर्घटनाओं को लगभग समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सुरक्षा सप्ताह जैसे आयोजनों को उद्योग की दीर्घकालिक सुरक्षा संस्कृति के लिए आवश्यक बताया। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख,प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण आर डी जाधव,परामर्शदाता सुमंत कानफाड़े, उप प्रबंधक पावर हाउस सी एन वर्मा, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले, सहायक प्रबंधक पेपर मशीन संतोष तारापुरे, लक्ष्मणदास जेठवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और अग्निशमन दल उपस्थित रहे।